>

Title: Need to take steps to check the soil erosion caused by river Ganga in rural and urban areas of Allahabad, Uttar Pradesh.

श्री कपिल मुनी करवारिया (फूलपुर): मैं सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के जनपद इलाहाबाद में गंगा नदी से हो रही कटान की तरफ दिलाना चाहता हूं। इलाहाबाद में गंगा नदी के कटान से ग्रामीण क्षेत्र के विकासखंड बहादुरपुर के ढोकरी, गोसमल पट्टी, लीलापुर कलां आदि गांव के हजारों एकड़ कृषि योग्य भूमि गंगा नदी में समाहित हो चुकी है एवं शहरी क्षेत्र के गोविन्दपुर, सलोरी, बघाड़ा, दारागंज सहित पौराणिक स्थल नागवासुकी मन्दिर के अस्तित्व को खतरा उत्पन्न हो गया है। यदि समय रहते गंगा नदी के कटान से उपरोक्त स्थानों को बचाने का प्रयास नहीं किया गया तो सैंकड़ों एकड़ कृषि योग्य भूमि के अलावा उपरोक्त मोहल्लों, गांवों एवं पौराणिक धार्मिक स्थल नागवासुकी मन्दिर का अस्तित्व समाप्त हो जायेगा।

इलाहाबाद के नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में गंगा नदी से हो रही कटान अत्यंत चिंता का विषय है इसलिए सरकार से मेरा यह अनुरोध है कि जनपद इलाहाबाद के ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र में गंगा नदी से हो रही कटान को गंभीरता से लेते हुए कटान रोकने हेतु आवश्यक कदम उठाने का कष्ट करें।